बाबा मेहंदीपुर वाले अंजनी सूत राम दुलारे भजन लिरिक्स

बाबा मेहंदीपुर वाले,
अंजनी सूत राम दुलारे,
करुणा का है ये भण्डार,
कर लो रे भक्तों दीदार,
लाल लंगोटे वाले,
बालाजी सोटे वाले,
करते हैं सबका बेड़ा पार,
कर लो रे भक्तों दीदार।bd।

तर्ज – कजरा मोहब्बत वाला।

जग में बालाजी जैसा,
बलशाली वीर ना देखा,
दुष्टों से भक्तों की ये,
करते रक्षा है हमेशा,
इनकी चौखट पे आके,
बदले किस्मत की रेखा,
बिन मांगे ही दे देते,
यश कीर्ति रूपया पैसा,
निर्बल ने बल भर देते,
निर्धन के दु:ख हर लेते,
करते हैं सबपे उपकार,
कर लो रे भक्तों दीदार,
कर लो रे भक्तों दीदार।bd।

रघुवर पे जब दु:ख छाया,
बजरंगी बने सहाई,
सीता की सुध ले आये,
रावण की लंका जलाई,
संजीवनी बूटी लाकर,
लक्ष्मण की जान बचाई,
असुरों को धुल चटाकर,
श्री राम को विजय दिलाई,
इनके ह्रदय में झांकी,
बस्ती है राम सिया की,
राम के हैं ये सेवादार,
कर लो रे भक्तों दीदार,
कर लो रे भक्तों दीदार।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

जिनकी नैया के माझी,
बन जाते है बालाजी,
कोई भी तूफ़ान आंधी,
उसको डुबो ना पाती,
सबको ही मन को भाति,
इनकी सुन्दर कद काठी,
इनके पूजा बंधन से,
कटते बंधन चौरासी,
पूरी होगी सब इच्छा,
हनुमत करते है रक्षा,
'राजेश' होगा बेडा पार,
कर लो रे भक्तों दीदार,
कर लो रे भक्तों दीदार।bd।

बाबा मेहंदीपुर वाले,
अंजनी सूत राम दुलारे,
करुणा का है ये भण्डार,
कर लो रे भक्तों दीदार,
लाल लंगोटे वाले,
बालाजी सोटे वाले,
करते हैं सबका बेड़ा पार,
कर लो रे भक्तों दीदार।bd।

Singer – Pt. Shubham Sharma

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com